समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# CUET UG 2025 रिजल्ट जल्द होगा जारी, 13 लाख छात्रों को इस हफ्ते मिल सकती है राहत।

Publisher Published on 30 Jun 2025




## एनटीए इस हफ्ते CUET UG का रिजल्ट घोषित कर सकती है, स्कोरकार्ड cuet.nta.nic.in से चेक करे, जाने फंाइनल आंसर की और एडमिशन से जुड़ी अपडेट।

**कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंसं टेस्ट (CUET UG) 2025** में शामिल होने वाले **13 लाख से अधिक छात्रों** का इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। **नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA)** इस हफ्ते के अंत तक या अगले हफ्ते की शुरुआत में **CUET UG 2025** का रिजल्ट घोषित कर सकती है। एक बार रिजल्ट जारी हो जाने के बाद छात्र आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in पर जाकर अपना स्कोरकार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

**कब हुई थी परीक्षा ?**
**CUET UG 2025** की परीक्षा **13 मई से 4 जून 2025** के बीच देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर **कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT)** मोड में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में **देश-विदेश** के कुल 1**3 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं** ने हिस्सा लिया था।

**CUET UG स्कोर देशभर के 250+ विश्वविद्यालयों मे एंडमिशन** के लिए मान्य होगा, जिनमें शामिल हैं:
१. **केंद्रीय विश्वविद्यालय (Central Universities)**
२. **राज्य विश्वविद्यालय (State Universities)**

३. **डीम्ड विश्वविद्यालय (Deemed Universities)**
४. **निजी विश्वविद्यालय (Private Universities)**

**फाइनल आंसर की जल्द होगी जारी**

**NTA ने 17 जून 2025** को **CUET UG** की प्रोविजनल आंसर की जारी की थी, जिसे चुनौती देने की आखिरी **तारीख 20 जून 2025** थी। अब उम्मीद की जा रही है कि **2 से 3 जुलाई** के बीच फाइनल आंसर की जारी कर दी जाएगी, जिसके बाद जल्द ही रिजल्ट का ऐलान संभव है।

पिछले वर्षों में रिजल्ट कब आया ?
१. **CUET UG 2024: 30 जुलाई**
२. **CUET UG 2023: 15 जुलाई**
३. **CUET UG 2022: 15 सितंबर**

इस बार, अगर रिपोर्ट्स सही साबित हुईं तो रिजल्ट की घोषणा पहले ही हो सकती है।

कैसे चेक करें **CUET UG 2025 का रिजल्ट**?
स्टेप 1: **आधिकारिक वेबसाइट** cuet.nta.nic.in पर जाएं
स्टेप 2: "**CUET UG 2025 Scorecard**" लिंक पर क्लिक करें
स्टेप 3: **अपना एप्लिकेशन नंबर और जन्मतिथि दर्ज करे**
स्टेप 4: आप**का स्कोरकार्ड स्क्रीन पर दिखेगा**
स्टेप 5: **उसे डाउनलोड करे और प्रिंट निकाले**

**एडमिशन प्रक्रिया और जरूरी दस्तावेज**

**CUET स्कोरकार्ड** के आधार पर छात्र अपनी पसंदीदा यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। एडमिशन के लिए निम्न दस्तावेजों की जरूरत पड़ेगी:
१. **CUET UG स्कोरकार्ड**
२. **12वीं की मार्कशीट**
३. **आधार कार्ड या अन्य वैध पहचान पत्र**
४. **पासपोर्ट साइज फोटो**
५. **जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)**
६. **डोमिसाइल सर्टिफिकेट (कुछ यूनिवर्सिटीज मे)**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.